Ferrato ने भारत में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल "Disruptor" महज 1,59,999 रुपये में की लॉन्च

नई दिल्ली, 2 मई, 2024 - - ओकाया ईवी (Okaya EV) के प्रीमियम ब्रांड Ferrato ने आधिकारिक तौर पर अपनी बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल डिसरप्टर (Disruptor) को भारत में 1,59,999 रुपये में लॉन्च किया है। नई लॉन्च की गई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल अत्याधुनिक तकनीक से भरपूर अद्वितीय परफॉर्मेंस के साथ भविष्य के डिजाइन को जोड़ती है, जो ईवी बाइक में एक नया मानक स्थापित करती है। ईवी बाइक सेगमेंट में यह 25 पैसे प्रति किमी. की कम लागत पर स्पोर्ट्स बाइक अनुभव को फिर से परिभाषित करती है।

सिंगल चार्ज में यह बाइक 129 किलोमीटर की रेंज देती है। इस मोटरसाइकिल में पावरफुल PMSM सेंटर मोटर चेन ड्राइव सिस्टम है, जो तीन डायनामिक ड्राइव मोड- इको, सिटी, और स्पोर्ट्स में 95 किमी/घंटा की टॉप स्पीड के साथ 6.37 किलोवाट की अधिकतम शक्ति देने में सक्षम है।

ओकाया ईवी के प्रबंध निदेशक, श्री अंशुल गुप्ता ने ईवी मोटरसाइकिल के लॉन्च अवसर पर कहा, हम भारत में ओकाया ईवी (Okaya EV) के प्रीमियम ब्रांड Ferrato के तहत भारत में Disruptor ईवी बाइक को लॉन्च करके काफी खुश हैं। हम अपनी बाइक के जरिएए भारत में बाइकों के शौकिन लोगों को इलेक्ट्रिक व्हीकल EVs की पावर का शानदार अनुभव दे रहे हैं।

हमारी अभूतपूर्व टेक्नोलॉजी, शानदार परफॉर्मेंस और स्पोर्टी डिजाइन के साथ हमारी बाइक ईवी बाइक सेगमेंट में एक नया आयाम हासिल करेगी। श्री गुप्ता ने जोर देते हुए कहा कि हमारी यह ईवी बाइक हमारे मेड इन इंडिया प्रॉडक्ट मिशन को पूरा करती है जिसके जरिए हम हाई एंड टेक्नोलॉजी वाले प्रॉडक्ट्स भारतीय सड़कों पर चलते हुए देखना चाहते हैं।

नई इलेक्ट्रिक बाइक की कैपेबिलिटी की बात करें तो इसमें आपको उन्नत लिथियम-आयन एलएफपी बैटरी मिलती हैं।3.97 kWh की क्षमता के साथ, यह 270 डिग्री सेल्सियस पर उच्च थर्मल रनवे के साथ भारत की मौसम स्थितियों के लिए एकदम सही अनुकूल है। एनएमसी टेक्नोलॉजी के मुकाबले इस बैटरी में आपको आईपी-67 रेटिंग के साथ बेहतरीन लॉन्गर लाइफ साइकिल, ड्यूरेबिलिटी और रिलायबलिटी मिलती है। साथ ही कंपनी आपको 3-वर्ष/30,000 km की कॉम्प्रेहेन्सिव वारंटी भी ऑफर कर रही है।

परफॉर्मेंस के अलावा यह इलेक्ट्रिक बाइक अपने इनोवेशन फीचर्स, स्थिरता और डिजाइन का एक संगम है, जो कई अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ आती है। इसके डिस्क ब्रेक, अलॉय व्हील और टेलीस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन से लेकर इसके मोनो-शॉक रियर सस्पेंशन और डिजिटल-हाइब्रिड डिस्प्ले तक ऐसे डिजाइन किए गए है, जिससे ग्राहकों को इसे सड़कों पर चलाने में कोई परेशानी नहीं आए और वह सेफ्टी के साथ अपनी यात्रा का आनंद ले सके।

डिसरप्टर के डिजाइन में कनेक्टिविटी सबसे आगे है, इसमें इंटीग्रेटिड ब्लूटूथ और जीपीएस कनेक्टिविटी, जियो-फेंसिंग और फाइंड माई व्हीकल फंक्शन आपको मिलेंगे, जो आपकी मॉर्डन लाइफस्टाइल को चार चांद लगा देंगे। राइडर्स इन फंक्शन के जरिए अपनी बाइक से लगातार कनेक्टिड रहने के साथ आसानी से

नेविगेट कर सकता है और वास्तविक समय में अपनी बाइक को ट्रैक कर सकते है। यह सब चीजें राइडिंग का एक्सपीरियंस बढ़ा देती है।

डिसरप्टर के मुख्य फीचर्स
- पावरफुल परफॉर्मेंस: 228 एनएम के अधिकतम टॉर्क और 95 किमी/घंटा की टॉप स्पीड के साथ आपको इसमें राइडिंग का बेहतरीन एक्सपीरियंस मिलेगा।
- लॉन्ग रेंज बैटरी: 3.97 kWh की बैटरी एक बार चार्ज करने पर 129 किमी. की रेंज प्रदान करती है, जिससे राइडर आसानी से लंबी यात्रा बिना किसी परेशानी के कर सकता है।
- स्लीक डिजाइन: डिसरप्टर में आधुनिक, सुव्यवस्थित डिजाइन है जो स्टाइलिश और कार्यात्मक दोनों है, यह एक असाधारण राइडिंग एक्सपीरियंस सुनिश्चित करता है।
- सेफ्टी एंड कंफर्ट: उन्नत ब्रेकिंग सिस्टम, बेहतर सस्पेंशन, एलएफपी बैटरी और आरामदायक बैठने की व्यवस्था राइडर की सुरक्षा और आराम को प्राथमिकता देती है।
डिसरप्टर अब फेराटो की आधिकारिक वेबसाइट पर प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध है, जिसकी डिलीवरी 90 दिनों में शुरू होने वाली है।

https://ferrato.in/

Ferrato के बारे में

Ferrato (फेराटो) ओकाया ईवी का प्रीमियम ब्रांड है, जो उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधान देने के लिए समर्पित है। इसका मुख्य फोकस इनोवेशन, स्थिरता और बेहतर प्रदर्शन पर है। फेराटो अपने ग्राहकों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बेहतरीन प्रॉडक्ट्स, उच्छा गुणवत्ता के साथ देने के लिए तत्पर्य है।

OKAYA EV के बारे में:

भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में अग्रणी के रूप में, ओकाया इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ओकाया ईवी) इलेक्ट्रिक वाहनों, चार्जिंग स्टेशनों और बैटरी-स्वैपिंग सेवाओं सहित ईवी समाधानों की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है। विश्वास और गुणवत्ता की प्रतिष्ठा के साथ, ओकाया ग्रुप चार दशकों से अधिक समय से भारत में बैटरी निर्माण में अग्रणी रहा है। 42 देशों और पांच महाद्वीपों के 461,000 गांवों, कस्बों और शहरों में 13 करोड़ से अधिक संतुष्ट ग्राहकों के साथ, ओकाया समूह इलेक्ट्रिक वाहन, ईवी चार्जिंग स्टेशन और विभिन्न अन्य डोमेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपनी कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के हिस्से के रूप में, ओकाया ने एक पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और पर्यावरण नीति प्रणाली लागू की है। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने समर्पण के साथ, ओकाया ईवी ने शून्य-उत्सर्जन इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की अपनी श्रृंखला के माध्यम से देश को किफायती, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन विकल्प प्रदान करने के लिए ईवी सेगमेंट में कदम रखा है।

For more details please contact the undersigned:-

Himanshu Gakhar **Okaya EV** pr.marketing@okayaev.com/9068177771	**Prashansa Bharti** **Media Mantra** prashansa.bharti@mediamantra.in/8860023843